ई-मेल

प्रेषक,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
सेक्टर-एम, आशियाना,
लखनऊ।

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
क्षेत्रान्तर्गत समस्त राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त अनुदानित महाविद्यालय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
(लखनऊ मण्डल, अयोध्या मण्डल एवं देवीपाटन मण्डल)।

पत्रांकः- क्षे०का०ल०/ 3521-22 /2023-24 दिनाँक 30/10/2023

विषयः- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में टीम उपाय (Team UPAI) द्वारा "AI Literacy For All" हेतु शिक्षाप्रद एवं रुचिपूर्ण 22 वीडियो पर मंथन किया जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, 619, इन्दिरा भवन, लखनऊ के पत्राँकः-1089 / रा०उ०शि०प० / 53 / 19 T.C, दिनाँक 25.10.2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बहुविषयक शिक्षा एवं डिजिटल जागरुकता (Digital Awareness) है। वर्तमान परिवेश में Artificial Intelligence (AI) जीवन के सभी अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है और इसका व्यापक प्रभाव शिक्षा, उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विद्यार्थियों और अध्यापकों को Artificial Intelligence (AI) की जानकारी होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में टीम उपाय (Team UPAI) द्वारा "AI Literacy for All" हेतु शिक्षाप्रद एवं रुचिपूर्ण 22 वीडियो विकसित किये गए हैं, जिनसे AI की आधारभूत जानकारीके साथ तकनीकी पहलुओं के विषय में Subject Experts द्वारा बताया गया है। कृपया इन Video को Digital Awareness के कोर्स के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार किया जाए। ये वीडियो लेक्चर www.teamupai.org पर उपलब्ध हैं।

अतः आपसे अपेक्षित है कि कृपया अपने संस्थानों के इच्छुक अध्यापकों और विद्यार्थियों को प्रेरित करें कि वे इन वीडियो लेक्चर को देखकर टीम उपाय की वेबसाइट www.teamupai.org पर उपलब्ध qualifying test को यथाशीघ्र उत्तीर्ण करके SCERT का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सके।

संलग्नकः- यथोक्त।

भवदीय

डॉ० (सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

पृ०सं०-क्षे०का०ल० / 3521-22 / 2023-24 तददिनाँक

प्रतिलिपिः- उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, इन्दिरा भवन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

डॉ० (सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

E-mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक : 1089 / रा0उ0शि0प0 / 53 /19 T.C
दिनांक : 25-10-2023

सेवा में,

1–कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2–निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।

3–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में टीम उपाय (Team UPAI) द्वारा "AI Literacy for All" हेतु शिक्षाप्रद एवं रुचिपूर्ण 22 वीडियो पर मंथन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बहुविषयक शिक्षा एवं डिजिटल जागरुकता (Digital Awareness) है। वर्तमान परिवेश में Artificial Intelligence (AI) जीवन के सभी क्षेत्रों में अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है और इसका व्यापक प्रभाव शिक्षा, उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में हमारे विद्यार्थियों और अध्यापकों को AI की जानकारी होना आवश्यक है।

2– इस संबंध में उत्तर प्रदेश में टीम उपाय (Team UPAI) द्वारा "AI Literacy for All" हेतु शिक्षाप्रद एवं रुचिपूर्ण 22 वीडियो विकसित किए गए है जिनसे AI की आधारभूत जानकारी के साथ–साथ तकनीकी पहलुओं के विषय में subject experts द्वारा बताया गया है।

3– कृपया इन videos को Digital Awareness के कोर्स के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार किया जाय। ये वीडियो लेक्चर www.teamupai.org पर उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों द्वारा इन्हें home assignment के रुप में अपनी सुविधानुसार घर पर देखा जा सकता है, तथा तदुपरान्त कक्षा में उनपर चर्चा करके अथवा quiz आयोजित करके विद्यार्थियों के ज्ञान का मूल्यांकन किया जा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने संस्थानों के इच्छुक अध्यापकों और विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कष्ट करें कि वे इन वीडियो लेक्चर को देखकर टीम उपाय की वेबसाइट www.teamupai.org पर उपलब्ध qualifying test को यथाशीघ्र उत्तीर्ण करके SCERT का प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है।

संलग्नकः संबंधित वीडियो का लिंक https://teamupai.org/video-list.php

भवदीय

(डॉ0 दिनेश कुमार)
अपर सचिव

sanjay